भावना – बुजुर्गों का परिवार

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति

वरिष्ठ नागरिकों तथा निर्बल एवं असहाय जनों के हितों को समर्पित अखिल भारतीय समाजसेवी महासमिति।
सोसायटीज़ रजिस्ट्रेशन ऐक्ट, 1860 के अन्तर्गत लखनऊ में पंजीकृत। पंजीयन संख्या : 662/2000–01

507, कसमन्डा अपार्टमेन्ट्स, 2, पार्क रोड, हजरतगंज, लखनऊ – 226001, भारत
फोनः +91-522-4016048 वेबसाइटः www.bhavanaindia.org ई.मेलः bhavanasindia@gmail.com

विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर सम्पन्न

भारतीय वरिष्ठ नागरिक समिति (भावना), आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय तथा **एस.सी. त्रिवेदी मेमोरियल ट्रस्ट चिकित्सालय** के संयुक्त तत्वावधान में सभी आयु के स्त्रियों, पुरुषों तथा बच्चों के लिए जानकीपुरम्, लखनऊ स्थित कैपिटल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में एक **विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर** का आयोजन रविवार, 18 दिसम्बर, 2022 को किया गया। तमाम स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रमुख विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस शिविर में बच्चों तथा स्त्रियों के विशिष्ट रोगों एवं सामान्य लोगों को होने वाले अन्य रोगों का विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा विधिवत परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार उनकी तत्काल चिकित्सा की गई अथवा परिस्थिति के अनुसार उन्हें चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में 800 से अधिक मरीजों का पंजीकरण किया गया।

शिविर में सभी स्त्रियों एवं पुरुषों ने **फ़ायब्रोस्कैन, एचबीए1सी, हेपेटाइटिस बी, लिपिड प्रोफ़ाइल, मधुमेह, रक्तचाप, ईसीजी, बॉडी वेट, बीएमडी, बीएमआई, थायरॉयड, पीएफ़टी, एलएफ़टी, यूरिक एसिड, प्रोटीन यूरिया, केएफ़टी, एच पायलोरी, डायबेटिक रेटिनोपैथी तथा न्यूरोपैथी सहित लगभग 5,000 रुपए मूल्य के परीक्षण बिल्कुल मुफ्त कराए। आवश्यकतानुसार उन्हें 5 दिन की दवा भी मुफ्त दी गई।**

इस शिविर को सफल बनाने में आयोजकों को वृद्ध–रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक शुक्ला, स्त्री–रोग विशेषज्ञ डॉ. अमिता शुक्ला, उदर–रोग विशेषज्ञ डॉ. आर.पी. सिंह, दंत–रोग विशेषज्ञ डॉ. सुधान्शु अग्रवाल, श्वसन–रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रसून कांत एवं डॉ. स्नेहा चौरसिया, बाल–रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव गुप्ता, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट डॉ. अमित कुमार सिंह, आयुर्वेद एवं एकूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. पार्थ प्रॉतिम सहित 40 से अधिक फ़र्मास्यूटिकल एवं डायग्नोस्टिक कम्पनियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। शिविर में श्रीश्री तत्व पंचकर्म केन्द्र के डॉ. अभिषेक कुमार तथा डॉ. शिप्रा ने एवं माधवबाग आयुर्वेद केन्द्र के चिकित्सकों ने भी भरपूर सेवा–दान दिया।

शिविर में आये मरीजों का फॉलोअप परीक्षण **आस्था वृद्ध रोग चिकित्सालय**, बी–52, जे–पार्क, महानगर विस्तार, लखनऊ में किया जायेगा जिसका सम्पर्क फोन नं. 0522–4955050 है।

शिविर को सफल बनाने में **कैपिटल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री जय कृष्ण पाण्डेय** तथा विद्यालय के उनके सहयोगियों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।

(विनोद कुमार शुक्ल)
राष्ट्रीय अध्यक्ष
मो. 9335902137